# माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उ०प्र०
**MAA PATESWARI UNIVERSITY, BALRAMPUR, U. P.**

**Website : https://mpublp.ac.in** E-mail : **coe.mpublp@gmail.com**


पत्रांक सं.: माँ०पा०वि०वि०/COE/2026/164 दिनांकः 19 फरवरी, 2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर ।

**विषयः- आन्तरिक (सैद्धान्तिक कोर्स) और कौशल विकास कोर्स (Vocational/ Skill Development Courses) के अंको को पूरित करने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की सत्र 2025-26 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के सापेक्ष आन्तरिक (सैद्धान्तिक कोर्स) और कौशल विकास कोर्स (Vocational/ Skill Development Courses) के अंको को पूरित करने हेतु पत्रांक सं.: माँ०पा०वि०वि०/COE/2026/156 दिनांकः 12 फरवरी, 2026 के माध्यम से पोर्टल दिनांक 13-02-2026 से 19-02-2026 तक के लिए खोला गया था। उक्त के सम्बन्ध में प्राचार्यों से प्राप्त अनुरोध के क्रम में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार आन्तरिक (सैद्धान्तिक कोर्स) और कौशल विकास कोर्स (Vocational/ Skill Development Courses) के अंको को पूरित करने हेतु पोर्टल खोले जाने की तिथि 22-02-2026 तक विस्तारित की जा रही है। अंको को पूरित करने के निर्देश हेतु फ्लो चार्ट इस पत्र के साथ संलग्न है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समयावधि में आन्तरिक (सैद्धान्तिक कोर्स) और कौशल विकास कोर्स (Vocational/ Skill Development Courses) के अंको को पूरित कर शीलबंद हार्डकापी अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 23-02-2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिन छात्रों को 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्रदान किये जायेंगे उनकी विडियो रिकार्डिंग के साथ हार्डकॉपी प्रस्तुत करना होगा ।

**नोटः यदि महाविद्यालय द्वारा उक्त अवधि में अंको को पूरित नहीं किया जाता है तो प्रति कोर्स रू. 500/- का अर्थदण्ड लागू किया जायेगा।**

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय**

(दिनेश कुमार मौर्य)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. कुलपति कार्यालय, मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ ।
2. नोडल अधिकारी समर्थ पोर्टल, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को वेबसाइट एवं सम्बन्धित कालेज के लॉगिन पोर्टल पर अपलोड करें।
3. सम्बन्धित पत्रावली ।

परीक्षा नियंत्रक